# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 14.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 14.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 14.01.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मकर संक्रान्ति/महाकुंभ मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत भरतकूप मंदिर,सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग,रामघाट का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा डियूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रयागराज महाकुंभ का स्नान कर जनपद में भारी संख्या में आवागमन होगा,जिसके चलते रामघाट,परिक्रमा मार्ग, भरतकूप मंदिर पर दर्शन-पूजन करने आते है जिसमें महिलाएं व बालिका की संख्या अत्यधिक रहती है उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई घटना न घटित होने पाये। पुलिस कर्मी निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित हो,मुस्तैदी से ड्यूटी करें तथा श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी समिति श्री श्यामदेव सिंह व उनकी टीम ने 24 घण्टे के अन्दर मोटरसाइकिल चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

अभियुक्त का नाम पता का विवरण-

राकेश पुत्र बउआ निवासी नई दुनिया कर्वी चित्रकूट

बरामदगी-

यूपी 96 सी 4389

संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 13.01.2025 को वादी रामू गुप्ता पुत्र भुल्लू गुप्ता निवासी माधवगंज मोड़ शंकर बाजार कर्वी जनपद चित्रकूट ने कोतवाली कर्वी पर सूचना दी कि उसकी मोटरसाइकिल यूपी 96 सी 4389 घर/दुकान के सामने खड़ी थी जिसे रात्रि करीब एक बजे राकेश चमार पुत्र बउवा चमार निवासी नभ दुनिया यशोदा हॉस्पिटल के पीछे चोरी करके ले गया है जिसका वीडियो मेरी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में है कि सूचना पर मु0अ0सं0 26/025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम राकेश चमार उपरोक्त पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी की गिरफ्तारी हेतु चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी समिति श्री श्यामदेव सिंह व उनकी टीम को लगाया गया। आज दिनाँक 14.01.025 को मुखबिर की सूचना पर 24 घण्टे के अन्दर अभियुक्त राकेश पुत्र बउआ निवासी नई दुनिया कर्वी चित्रकूट को गल्ला मण्डी से चोरी की मोटरसाइकिल यूपी 96 सी 4389 के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी समिति श्री श्यामदेव सिंह

2.आरक्षी शिव पूजन यादव

3.आरक्षी मंगल कुमार

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मकर संक्रांति/महाकुंभ मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत रामघाट चौकी सीतापुर क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात उ0नि0 उत्कर्ष सिंह, आरक्षी भास्कर शुक्ला, आरक्षी संजय सरोज,आरक्षी अमित द्विवेदी द्वारा पतंग उड़ा रहे बालकों को चाइनीज मांझा से हो रही घटनाओं के बारे में बताया गया और उसका प्रयोग न करने को हिदायत दी गई।

(6). आज दिनांक 14.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा मकर संक्रांति/महाकुंभ के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज से जनपद चित्रकूट में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते धनुष चौराहा पर अवैध रूप से रोड पर किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया तथा धनुष चौराहा पर लगे पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को हिदायत दी गयी की रोड पर अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करें तथा अनावश्यक रूप से एकत्रित होकर जमावड़ा न लगाने पाये तथा अनावश्यक रूप से रोड पर लगाये गये वाहनों को चालान किया गया तथा धनुष चौराहा के आस पास एलआई तिराहा रोड,बस स्टैण्ड,पहाड़ी रोड,पटेल तिराहा रोड पर ड्रोन कैमरे को निगरानी करायी गयी ।